रजिस्ट्री सं० डी० 222 REGISTERED No. D. 222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 4] नई दिल्ली, शनिवार, जनवरी 23, 1971/माघ 3, 1892
No. 4] NEW DELHI, SATURDAY, JANUARY 23, 1971/MAGHA 3, 1892

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

नोटिस
NOTICE

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 12 दिसम्बर 1970 तक प्रकाशित किये गये :—

The undermentioned Gazettes of India Extraordinary were published up to the 12 December 1970:—

Issue No.	No. and Date	Issued by	Subject
182	G.S.R. 1821, dated 22nd October, 1970	Ministry of Law	The Delimitation of Council Constituencies (Bombay) Amendment Order, 1970.
	सा०का०नि० 1821, दिनांक 22 अक्तूबर 1970	विधि मंत्रालय	परिषद् निर्वाचन-क्षेत्र परिसीमन (बम्बई) आदेश 1970.
183	G. S. R. 1822, dated 23rd October 1970	Ministry of Finance	Scheme to amend the Tax Credit Certificate (Equity Shares), Scheme 1965.
	सा०का०नि० 1822, दिनांक 23 अक्तूबर 1970	वित्त मंत्रालय	प्रतिदेय कर प्रमाण पत्र (साधारण शेयर) स्कीम 1965 में संशोधन करने की स्कीम।

Issue No.	No. & Date	Issued by	Subject
184	G. S. R. 1851, dated 25th October 1970	Ministry of Food, Agriculture, Community Development and (Co-operation)	Further amendment to the Uttar Pradesh Food-Grains (Restrictions on Border Movement) Order, 1969.
	सा०का०नि० 1861, दिनांक 26 अक्तूबर 1970	खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास और सहकारिता मंत्रालय	उत्तर प्रदेश खाद्यान्न (सीमा संचलन पर निबंधन) आदेश 1969 में और आगे संशोधन।
185	G. S. R. 1862, dated 27th October 1970	Do.	Reappointment of Shri J. A. Dave as Managing Director of the Food Corporation of India.
	सा०का०नि० 1862, दिनांक 27 अक्तूबर 1970	तदैव	श्री जे० ए० दवे को भारतीय खाद्य निगम के प्रबन्ध निदेशक के रूप में पुनः नियुक्ती।
186	G. S. R. 1863, dated 27th October 1970	Ministry of Finance	Further amendment to the Post Office Savings Certificates Rules 1960.
	सा०का०नि० 1863, दिनांक 27 अक्तूबर 1970	वित्त मंत्रालय	डाक घर बचत प्रमाणपत्र नियम 1960 में और आगे संशोधन।
187	G. S. R. 1864, dated 30th October 1970	Ministry of Home Affairs	Extension of the Assam Disturbed Areas Act, 1955 to the Union Territory of Tripura with certain modifications.
188	G. S. R. 1865, dated 30th October 1970	Do.	Constitution of a Committee consisting of the Chief Ministers of Assam and Meghalaya and one Minister each from Assam and Meghalaya for advising the two Governments on matter of common interest.
	सा०का० नि० 1865, दिनांक 30 अक्तूबर 1970	तदैव	असम और मेघालय सरकार को परामर्श देने के लिए असम और मेघालय के मुख्य मंत्री और दोनों देशों से एक-एक मंत्री लेकर एक समिति गठन।
189	G. S. R. 1866, dated 31st October 1970	Ministry of Home Affairs	The States Reorganisation (Governors' Iowa and Privileges) Amendment Order, 1970.

Issue No.	No. & Date	Issued by	Subject
190	G. S. R. 1874, dated 4th November 1970	Ministry of Food Agriculture, Community Development and Co-operation.	Further amendments in the Notification No. G. S. R. 1169, dated the 2nd July 1963 of the late Ministry of Food and Agriculture (Department of Food)
	सा०का०नि० 1874 दिनांक 4 नवम्बर 1970	खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास और सहकारिता मंत्रालय	भूतपूर्व खाद्य और कृषि मंत्रालय (खाद्य विभाग) की अधिसूचना सं० सा०का०नि० 1169, तारीख 2 जुलाई, 1963 में और आगे संशोधन ।
191	G. S. R. 1875, dated 4th November 1970.	Ministry of Finance	Further rules to amend the Baggage Rules, 1970.
	सा०का०नि० 1875, दिनांक 4 नवम्बर 1970	वित्त मंत्रालय	सामान नियम 1970 में और आगे संशोधन करने के नियम ।
192	G. S. R. 1876, dated 7th November 1970	Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Co-operation.	Service in the Food Corporation of India declared as an essential service.
	सा०का०नि० 1876, दिनांक 7 नवम्बर 1970	खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास और सहकारिता मंत्रालय	भारतीय खाद्य निगम की सेवा को आवश्यक सेवा घोषित ।
193	G. S. R. 1877, dated 7th November 1970	Do.	Prohibition of strikes in any service in the Food Corporation of India.
	सा०का०नि० 1877, दिनांक 7 नवम्बर 1970	तदैव	भारतीय खाद्य निगम की किसी भी सेवा में हड़ताल करने का प्रतिषेध ।
194	G. S. R. 1896, dated 10th November 1970.	Ministry of Finance	Exemption from duty of Customs on specified goods imported into India on a pure commercial form.
	सा०का०नि० 1896, दिनांक 10 नवम्बर 1970	वित्त मंत्रालय	ऐसे माल को सीमा शुल्क से छूट दी जाती है जो कि वाणिज्यिक रूप से शुद्ध भारत में आयात किए जाएं ।

Issue No.	No. & Date	Issued by	Subject
195	G. S. R. 1897, dated 11th November 1970.	Ministry of Petroleum and Chemical and Mines and Metals	The supply of electrical energy in the State of Tamil Nadu declared as an essential service.
	सा०का०नि० 1897, दिनांक 11 नवम्बर 1970	पेट्रोलियम तथा रसायन और खान तथा धातु मंत्रालय	तामिल नाडु राज्य में विद्युत शक्ति की आवश्यक सेवा घोषित ।
	G. S. R. 1898, dated 11th November 1970.	Do.	Prohibition of strike in any Service in the State of Tamil Nadu connected with the supply of electrical energy.
	सा०का०नि० 1898, दिनांक 11 नवम्बर 1970	तदैव	तामिल नाडु राज्य के ऐसी किसी विद्युत शक्ति सेवा में हड़ताल का प्रतिषेध ।
196	G. S. R. 1899/Ess. Com/Sugarcane, dated 12th November 1970.	Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Co-operation.	Fixation of minimum price by the owners of the vacuum pan process sugar factories for sugarcane delivered at the gate of factories at any purchasing cent during the year 1970-71.
	सा०का०नि० 1899/ई०एस०एस० कोम/ईख दिनांक 12 नवम्बर 1970	खाद्य कृषि सामुदायिक विकास तथा सहकारिता मंत्रालय	ईख कारखानों के स्वामियों द्वारा उनके कारखाने के दरवाजे पर या खरीद वाले किसी केन्द्र पर 1970-71 के दौरान परिदत्त की गई ईख के लिए न्यूनतम कीमत ।
197	G. S. R. 1928, dated 19th November 1970.	Ministry of Home Affairs	Further rules to amend the Central Reserve Police Force Rules, 1955.
	सा०का०नि० 1928, दिनांक 19 नवम्बर 1970	गृह मंत्रालय	आरक्षित पुलिस बल नियम 1955 में और आगे संशोधन करने के नियम ।
198	G. S. R. 1929, dated November 1970.	Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Co-operation.	Making of the Order called the Indian Maize (Temporary use in Manufacture of Starch) Order, 1970.
	सा०का०नि० 1929, दिनांक 21 नवम्बर 1970	खाद्य कृषि सामुदायिक विकास और सहकारिता मंत्रालय	भारतीय मक्का (स्टार्च) विनिर्माण में अस्थायी उपयोग आदेश 1970 का बनवाना ।

Issue No.	No. and Date	Issued by	Subject
199	G. S. R. 1930, dated 23rd November 1970	Ministry of Food Agriculture, Community Development and Co-operation.	Reappoint of Shri Shah Nawaz Khan as the Chairman of the Board of Directors of the F. C. I. *w.e.f.* 2-12-70.
	सा०का०नि० 1930, दिनांक 23 नवम्बर 1970	खाद्य कृषि सामुदायिक विकास और सहकारिता मंत्रालय	श्री शाहनवाज खां को भारतीय खाद्य निगम के निदेशक बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में 2 दिसम्बर 1970 से पुनः नियुक्ती ।
	G. S. R. 1969, dated 24th November 1970.	Ministry of Finance	Fixation of tariff value of Rs. 125 per quintal for sugar falling under sub-item (1) of Item No. 1 of the First Schedule to the Act.
	सा०का०नि० 1969, दिनांक 24 नवम्बर 1970	वित्त मंत्रालय	अधिनियम की प्रथम अनुसूची की मद सं० 1 की उपमद (1) के अन्तर्गत आने वाली चीनी के लिए टेरिफ मूल्य 125 रु० प्रति क्विंटल नियत ।
201	G. S. R. 1970, dated 25th November 1970.	Ministry of Home Affairs	Extension of the Armed Forces (Assam and Manipur) Special Powers Act, 1958 to the Union Territory of Tripura subject to certain modifications.
202	G. S. R. 1971, dated 30th November 1970.	Do.	The Bihar and Uttar Pradesh (Inspection of Boundary Pillars) Rules, 1970.
	सा०का०नि० 1971, दिनांक 30 नवम्बर 1970	वही	बिहार और उत्तर प्रदेश (सीमा स्तभों का निरीक्षण) नियम 1970 ।
203	G. S. R. 1987, dated 3rd December 1970.	Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Co-operation	Recession of the Andhra Pradesh Coarse Grains (Export Control) Order 1965.
	सा०का०नि० 1987, दिनांक 3 दिसम्बर 1970	खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकारिता मंत्रालय	आन्ध्र प्रदेश मोटे अनाज (निर्यात नियंत्रण) आदेश 1965 का विखण्डण ।

Issue No.	No. and Date	Issued by	Subject
204	G. S. R. 1988, dated 12th December 1970	Ministry of Home Affairs.	The Assam Taxation Law (Meghalaya) Modification Order, 1970.
	सा०का०नि० 1988, दिनांक 12 दिसम्बर 1970	गृह मंत्रालय	असम कराधान विधियां (मेघालय) उपांतर आदेश 1970।

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांगपत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी। मांगपत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तारीख से 10 दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं।

Copies of the Gazettes Extraordinary mentioned above will be supplied on indent to the Manager of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Manager within ten days of the date of issue of these Gazettes.

भाग II—खण्ड 3—उपखण्ड (i)

PART II—Section 3—Sub-section (i)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य-क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय अधिकारियों द्वारा जारी किये गये विधि के अन्तर्गत बनाये और जारी किये गये साधारण नियम (जिनमे साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)।

General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories).

MINISTRY OF EDUCATION AND YOUTH SERVICES

(Scientific Surveys and Development Division)

(Survey II Section)

New Delhi, the 2nd January 1971

G.S.R. 100.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the National Atlas Organisation (Recruitment to Class III and Class IV posts) Rules, 1960, published with the notification of the late Ministry of Scientific Research and Cultural Affairs No. 1-50/58-SII, dated the 7th June, 1960, namely:—

1. (1) These rules may be called the National Atlas Organisation (Recruitment to Class III and Class IV posts) Amendment Rules, 1970.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. For rule 6 of the National Atlas Organisation (Recruitment to Class III and Class IV posts) Rules, 1960, the following rule shall be substituted, namely:—

"6. **Disqualification:** No person,

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to any of the said posts:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule".

[No. A-12018/3/70-SUR.II.]
S. K. SANYAL, Under Secy.

शिक्षा और युवक सेवा मंत्रालय

(सर्वेक्षण 2 अनुभाग)

नई दिल्ली, 2 जनवरी, 1971

जी० एस० आर० 100.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भूतपूर्व वैज्ञानिक अनुसंधान और सांस्कृतिक कार्य मंत्रालय की अधिसूचना सं० 1-50158-एस० आई० आई० तारीख 7 जून, 1960 के साथ प्रकाशित राष्ट्रीय एटलस संगठन (वर्ग 3 और वर्ग 4 के पदों पर भर्ती) नियम, 1960 में और आगे संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. (1) ये नियम राष्ट्रीय एटलस संगठन (वर्ग 3 और वर्ग 4 के पदों पर भर्ती) संशोधन नियम, 1970 कहे जा सकेंगे ।

(2) ये शासकीय राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. राष्ट्रीय एटलस संगठन (वर्ग 3 और वर्ग 4 के पदों पर भर्ती) नियम, 1960 के नियम 6 के स्थान पर निम्नलिखित नियम प्रतिस्थापित किया जाएगा ; अर्थात् :—

"6. निरर्हता

वह व्यक्ति—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से, जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए, किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पदों में से किसी पर भी नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार मौजूद है तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी ।

[सं० क-12018/3/70- सर्वे 2]

एस० के० सान्याल,
अवर सचिव, भारत सरकार ।

पोत परिवहन तथा परिवहन मंत्रालय

(परिवहन पक्ष)

वाणिज्य पोतपरिवहन

नई दिल्ली, 31 दिसम्बर 1970

सा०का०नि० 188.—कतिपय नियमों का निम्नलिखित प्रारूप, जिन्हें केन्द्रीय सरकार वाणिज्य पोतपरिवहन अधिनियम, 1958 (1958 का 44) की धारा 331 क की उपधारा (i), धारा 332 की उपधारा (5) और धारा 458 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारतीय वाणिज्य पोतपरिवहन (अनाज-वहन) नियम, 1954 को अधिक्रांत करते हुए बनाने की प्रस्थापना करती है, उक्त अधिनियम की धारा 332 की उपधारा (5) द्वारा यथोपेक्षित उन सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिये जिनका एतद्द्वारा प्रभावित होना संभाव्य है एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है और एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारुप पर 25-2-1971 को या इसके पश्चात् विचार किया जाएगा।

उक्त प्रारुप की बाबत किसी व्यक्ति से ऐसी विनिर्दिष्ट तारीख से पहले जो आक्षेप या सुझाव प्राप्त होंगे उन पर केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किया जाएगा।

1 **संक्षिप्त नाम प्रारंभ और लागू होना** :—(1) ये नियम वाणिज्य पोतपरिवहन (अनाज-वहन) नियम 1970 कहे जा सकेंगे।

(2) ये तुरंत प्रवृत्त होंगे।

(3) जब तक कि अभिव्यक्त रुप से अन्यथा उपबन्धित न हो ये —

(क) सब भारतीय पोतों को,

(ख) भारतीय पोतों से भिन्न पोतों को—तब लागू होंगे जब—

(i) वे भारत के किसी पत्तन या स्थान पर या भारत के राज्यक्षेत्रीय समुद्र में अनाज से लादे जाते हों, या

(ii) वे अनाज से लदे हुये भारत के किसी पत्तन या स्थान में प्रविष्ट हों या भारत राज्य-क्षेत्रीय समुद्र में आएं।

2 **परिभाषाएं** :—इन नियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो —

(i) "अधिनियम" से वाणिज्य पोतपरिवहन अधिनियम, 1958 (1958 का 44) अभिप्रेत है,

(ii) कक्ष से फलका या स्थोरा-जगह, जो प्रत्येक सिरे पर पोत भीतों से परिबद्ध हो और जिसके ऊपर और नीचे डेक हो, अभिप्रेत है,

(iii) "संभरक" से प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट अपेक्षाओं के अनुसार संन्निर्मित संभरक अभिप्रेत है,

(iv) "अनाज" के अन्तर्गत गेंहू, मक्की या मक्का, जस, राई, जौ, चावल, दालें और बीज हैं,

(v) "चल केन्द्री ऊंचाई" से अनुप्रस्थ चलकेन्द्र (M) और गुरुत्व केंद्र (G) के बीच की वह दूरी अभिप्रेत है जो टंकियों में द्रव के रिक्त स्थान प्रभावों के लिए और नियम 5 के प्रयोजनों के लिए संभरकों में अनाज के रिक्त स्थान प्रभावों के लिये शुद्धकृत है,

(vi) "अनुसूची" से इन नियमों की अनुसूची अभिप्रेत है,

(vii) "रोक तख्तों" से द्वितीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट अपेक्षाओं के अनुसार संनिर्मित रोक तख्ते अभिप्रेत हैं,

(viii) "थाम" से तृतीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट अपेक्षाओं के अनुरूप थाम अभिप्रेत हैं,

(ix) "तार-रस्सियों" से वे तार-रस्सियां अभिप्रेत हैं जिनकी फिटिंग चौथी अनुसूची की अपेक्षाओं के अनुरूप है,

(x) "उर्ध्वखंभे" से वे उर्ध्वखंभे अभिप्रेत हैं जिनकी फिटिंग पांचवीं अनुसूची की अपेक्षाओं के अनुरूप है।

3. **समतलन**–उन कक्षों में जो खुले अनाज से पूरी तरह भरे हैं अनाज का इस प्रकार समतलन किया जाएगा जिससे धरनों और पार्श्वों में और सिरे के स्थानों की बीच की जगहें भर जाएं।

(2) जो कक्ष भागतः खुले अनाज से भरे हैं उनमें अनाज वहां के सिवाए जहां ऐसा करना असाध्य हो, समतल किया जायेगा।

4. **पूरे कक्ष का भरण**–(1) इसमें इसके पश्चात् उपबंधित के सिवाए, कोई कक्ष जो खुले अनाज से पूरी तरह से भरा हुआ हो, वह–

(क) ऐसी लम्बी पोतमीत या रोक तख्तों द्वारा विभाजित किया जाएगा जो मध्य रेखा से लगे हुये हों या पोत की मोल्डेड चौड़ाई के पांच प्रतिशत से अनधिक हट कर न हों, या

(ख) पोत की मध्य रेखा से हट कर लगे लम्बे पोतमीत या रोक तख्तों द्वारा विभाजित किया जायेगा,

परन्तु उनके बीच की दूरी पोत की मोल्डेड चौड़ाई के 60 प्रतिशत से अधिक न हो और पश्चात् कथित दशा में आड़ी पोतमीतों से 3.66 मीटर से अनधिक दूर रखे हुये सिरे के समतलन विपाटों सहित 7.62 मीटर से अनधिक लम्बान अंतरालों में पार्श्वों में यथोचित रूप से रखे हुये समतलन विपाटों की व्यवस्था की जाये।

(2) हर दशा में लम्बी पोतमीत या रोक तख्ते उचित और पर सानामत किये जाएंगे और धरनों के बीच उचित फिटिंग द्वारा ऐसे फिट किये जायेंगे कि वे अन्नरुद्ध होंगे।

(3) क–किसी कक्ष में जो फलका हो लम्बी पोतमीत या रोक तख्ते डेक के निचली तरफ से नीचे की ओर फलके की कम से कम एक तिहाई गहराई या 2.44 मीटर दूरी इनमें जो भी अधिक हो, तक विस्तारित होंगे।

ख–कक्षों में ट्विन डेक और अधिसंरचना के या फलक से भिन्न किसी कक्ष में ऐसी लम्बी पोतमीत या रोक तख्ते एक डेक से दूसरे डेक तक विस्तारित होंगे।

(4) उपनियम (1), (2) और (3) के उपबंध निम्नलिखित को लागू नहीं होंगे—

(क) फलका से भिन्न किसी कक्ष को यदि बोरों में बन्द अनाज या इसमें अन्य यथोचित स्थोरा चौड़ाई तक जो किसी स्थान पर पोत की तत्सम्बन्धी चौड़ाई के 20 प्रतिशत से अन्यून हो पार्श्वों में बस कर नौभरित किया गया है,

(ख) कक्षों के भागों को जहां ऐसे भागों में डैक हैड की अधिकतम चौड़ाई पोत की मोल्डेड चौड़ाई के आधे से अधिक न हो,

(ग) खुली अलसी से लदे हुये कक्षों की बाबत के सिवाए किसी कक्ष के उन भागों को जो एक डैक या दो डैक वाले पोत की दशा में वे पोत जो समुद्र यात्रा में आद्योपान्त 0.31 मीटर से अन्यून की और अन्य पोतों की दशा में 0.36 मीटर से अन्यून की चल केन्द्रीय ऊंचाई बनाए रखते हैं, जो

(i) संभरक से नीचे हैं और 2.13 मीटर के अन्दर किन्तु जो विपाट मार्ग से केवल नीचे या बराबर हैं यदि उस संभरक में या कक्ष को सामुहिक रूप से संभरक में या कक्ष को सामुहिक रूप से संभरित करने वाले भी संभरकों में उस अनाज की मात्रा के पांच प्रतिशत से अन्यून मात्रा है जो संभरित किये गये कक्ष में वहन किया जाता है ।

(ii) विपाट मार्ग के नीचे या बराबर हैं जहां विपाट मार्ग के नीचे खुला अनाज तश्तरी के आकार में विपाट मार्ग से परे डैक हैड तक से अन्यून की तश्तरी के केन्द्र में 1.83 मीटर की गहराई में जो डैक लाइन के नीचे मापी जायगी कस कर समतलित किया गया है और बोरों में बन्द अनाज से या अन्य बोरों में बन्द स्थोरा से इस प्रकार पूरा भर दिया गया है कि विपाट मार्ग और उसके नीचे की तश्तरी पर जाए और डैक हैड लम्बी पोतमीतों विपाट मार्ग धरन और विपाट मार्ग बगलों और सिरे की अड़वालों के साथ कस कर नौभरित किया गया है ।

5. संभरक:—(1) किसी कक्ष में जो खुले अनाज से पूरी तरह भरा हुआ है संभरकों की व्यवस्था की जायेगी जो प्रथम अनुसूची की अपेक्षाओं के अनुसार या ऐसी अन्य अपेक्षाओं के अनुसार सन्निर्मित किये जायेंगे जिन्हें केन्द्रीय सरकार या केन्द्रीय सरकार द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी समय-समय पर शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा विहित करें ।

(2) ऐसे संभरक इस प्रकार स्थित किये जायगे जिससे कि उस कक्ष के जिसमें खुला अनाज है सभी भागों में अनाज का निर्बाध रूप से जाना सुनिश्चित हो सके ।

परन्तु संभरक निम्नलिखित दशाओं में अपेक्षित नहीं होंगे :—

(क) जब खला अनाज गहरी टंकियों में वहन किया जाता हो जो प्राथमिक रूप से द्रवों को वहन करने के लिये सन्निर्मित हैं और जिनकी अधिकतम चौड़ाई पोत की मोल्डेड चौड़ाई के आधे से अधिक न हो या जो एक या अधिक इस्पात के स्थायी लम्बे खंडों द्वारा विभाजित हो जो पोत की मोल्डेड चौड़ाई के आधे से अधिक दूरी पर स्थित हो किन्तु शर्त यह है कि टंकियों या टंकियों के विपाट मार्ग पूरी तरह भरे हों और टंकियों के ढक्कन मजबूती से बन्द किये गये हों ।

(ख) जब खुला अनाज तश्तरी के आकार में विपाट मार्ग से परे डैक हैड तक तश्तरी के केन्द्र में 1.83 मीटर से अन्यून की गहराई में, जो डैक लाइन के नीचे मापी जायेगी, कस कर समतल किया गया है और बोरों में बन्द अनाज से या अन्य बोरों में बन्द स्थोरा से इस तरह पूरा भर दिया गया है कि विपाट मार्ग और उसके नीचे की तश्तरी भर जाये और डैक हैड, लम्बी पोत भीत विपाट धरन और विपाट बगलों और सिरे की अड़वालों के साथ कसकर नौ-भारित किया गया है।

(3) नियम 4 के उपनियम (4) के खंड (ग) के उपखंड (i) के उपबन्धों के अध्यधीन रहते हुये प्रत्येक संभरक में कक्ष के उस भाग के जिसको यह संभरित करता है डैक तल से नीचे वहन किये जाने वाले अनाज की मात्रा का 2 प्रतिशत से अन्यन अनाज होगा।

(4) प्रत्येक संभरक में संभरक की पूरी गहराई तक लम्बे पोत-भीत या रोक तख्ते फिट किये जाएंगे।

परन्तु ऐसे लम्बे पोत-भीत या रोक तख्ते उन एक डैक या दो डैक वाले पोतों में जो पूरी समुद्र यात्रा में 0.31 मीटर की चल केन्द्रीय ऊंचाई बनाये रखते हैं या किसी अन्य पोत में जो पूरी समुद्र यात्रा में 0.36 मीटर की चल केन्द्रीय ऊंचाई बनाए रखते हैं, तब फिट किया जाना आवश्यक नहीं होगा—

(i) यदि उस संभरक में या किसी कक्ष को सामूहिक रूप से संभरित करने वाले सभी संभरकों में उस अनाज की मात्रा के पांच प्रतिशत से अन्यन मात्रा है जो उस कक्ष में डैक तल से नीचे वहन किया जाता है ;

(ii) यदि संभरित किये गये कक्ष के आयतन के 2 प्रतिशत तक अनाज की धसन से अनाज रिक्त स्थान का तल डैक तल पर संभरक या संभरकों के लिए निचले छोर से नीचे न गिरे ;

(iii) यदि खुले अनाज तल के क्षेतिज के साथ 12 डिग्री कोड का पटाव उस तल को डैक तल पर के संभरक या संभरकों के निचले छोरों से नीचे नहीं गिराएगा।

स्पष्टीकरण :—इस उप नियम के प्रयोजनों के लिये संभरकों में मध्य –रेल विभाजनों के लोप होने के कारण अनाज के अतिरिक्त रिक्त स्थान के प्रभावों को नियम 4 के उप–नियम (4) के खंड (ग) में निर्दिष्ट चल केन्द्रीय ऊंचाई की संभणना करते समय लेखे में लिया जाएगा। प्रत्येक संभरक तक की चल केन्द्रीय ऊंचाई की शुद्धि छटी अनुसूची में उपवर्णित सूत्र के अनुसार की जायेगी।

6. सामान्य लदान :—किसी पोत में जब एक के ऊपर एक कक्ष अनाज से पूरी तरह भरे जाने हैं ऐसे कक्ष एक कक्ष के रूप में निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन लादे जा सकते हैं अर्थात् :—

(क) नियम 4 के उपनियम (4) के खंड (ग) में उपबंधित के सिवाए एक लम्बी पोत भीत या रोक तख्ते —

(i) दो डैक वाले पोत के ट्विन डैक में डैक से डैक तक

(ii) अन्य सभी पोतों की दशा में सामान्य रूप से लदान किये गये कक्षों की कुल गहराईके ऊपरी एक–तिहाई भाग में लगाए जायेंगे।

(ख) सामान्य रूप से लदान किये गये कक्षों के सबसे ऊपर के डैक के ठीक नीचे के डैक के पार्श्व में मुख्य विपाट मार्ग के आगे और पीछे कम से कम 0.37 वर्ग मीटर के

छिद्र रखे जाएंगे। ऐसे छिद्र मुख्य या अन्य विपाट मार्गों के साथ आगे और पीछे की रेखा में मापी गई 2.44 मीटर से अनधिक की संभरण दूरी होगी।

(ग) नियम 5 और 7 के उपबन्ध सामान्य रुप से लदान किए गये कक्षों को इस प्रकार लागू होंगे जैसे कि वे एक ही कक्ष है।

7. **सिरे के कक्षों को समतल करना और बोरों से भरना** :—(1) जब किसी फलके या कक्ष के किसी भाग से निकटतम संभरक तक आगे पीछे की रेखा में मापी गई दूरी निकटतम संभरक से 7.62 मीटर से अधिक हो जाती है तब 7.62 मीटर से अधिक से परे सिरों के स्थानों में खुला अनाज डैक से नीचे कम से कम 1.83 मीटर की गहराई तक चौरस कर दिया जाएगा और सिरों के स्थान यथोचित प्लेटफार्म पर रखे हुए बोरों में बन्द अनाज से नौभरित कर दिये जाएंगे।

(2) ऐसा प्लेटफार्म नियम 8 की अपेक्षाओं के अनुसार संरचित किया जायेगा।

8. **भागतः भरे हुये कक्षों का नौभरण** :—(1) इसमें इसके पश्चात् उपबंधित के सिवाए कोई कक्ष जो खले अनाज से भागतः भरा है या तो

(क) (i) लम्बी पोत मीत से, या

( ) रोक तख्तों से,

पोत की मध्य रेखा से मोल्डेड चौड़ाई के साथ-साथ या उसके पांच प्रतिशत से अनधिक तक विभाजित किया जाएगा, या

(ख) पोत की मध्य रेखा से फटकर —

(i) दो या अधिक लम्बी पोत मीतों से, या

(ii) रोक तख्तों से,

विभाजित किया जायगा :]

परन्तु उनके बीच की दूरी पोत की मोल्डेड चौड़ाई के साठ प्रतिशत से अधिक न हो।

(2) प्रत्येक कक्ष में लम्बी पोत मीत या रोक तख्त उचित रूप से सन्निर्मित किये जाएंगे और कक्ष के तल से खुले अनाज की सतह से ऊपर 0.61 मीटर से अन्यून की ऊंचाई तक जाएंगे।

(3) उपनियम (1) और (2) के उपबन्ध निम्नलिखित को लागू नहीं होंगे :—

(क) वह कक्ष जो अलसी से भिन्न अनाज से भागतः भरा है जहां —

(i) एक डैक या दो डैक के पोत की दशा में, पूरी समुद्र यात्रा के दौरान 0.31 मीटर से अन्यून की चल केन्द्रीय ऊंचाई बनाए रखी जाती है, या

(ii) अन्य पोत की दशा में, पूरी समुद्र यात्रा के दौरान 0.36 मीटर से अन्यून की चल केन्द्रीय ऊंचाई बनाए रखी जाती है,

(ख) कोई कक्ष, जो फलका है, यदि उसमें का खुला अनाज फलके की धारिता के एक-तिहाई से या जहां ऐसा फलका शाफ्ट टनल द्वारा विभाजित किया गया है, वहां उस फलके की धारिता के आधे से अधिक नहीं होगा ।

(ग) फलके से भिन्न कक्ष यदि उसमें बोरों में बन्द अनाज या अन्य यथोचित स्थोरा पार्श्वों में किसी बिन्दु पर पोत की तत्स्थानी चौड़ाई के बीस प्रतिशत से अन्यून की चौड़ाई में कस कर नौभरित है ।

(घ) कक्ष के वे भाग जहां ऐसे भागों में डैक हैड की अधिकतम चौड़ाई पोत की मोल्डेड चौड़ाई के आधे से अधिक नहीं है ;

(4) जब कोई कक्ष खुले अनाज से भागतः भरा है तब खुला अनाज चौरस कर दिया जाएगा और इनके ऊपर बोरों में बन्द अनाज या अन्य यथोचित स्थोरा कस कर रख दिया जाएगा और जो खुले अनाज के ऊपरी सतह से कक्ष के उन भागों में जो लम्बी पोत भीतों या रोक तख्तों से विभाजित है 1.22 मीटर से अन्यून की ऊंचाई तक और कक्ष के उन भागों में जो इस प्रकार विभाजित नहीं हैं 1.52 मीटर की ऊंचाई, तक होगा ;

परन्तु उस कक्ष की दशा में जो ऐसा फलका है जिसमें खुला अनाज फलके की धारिता के एक-तिहाई से अधिक या जहां ऐसी फलका शाफ्ट टनल द्वारा विभाजित है वहां उस फलके की धारिता के आधे से अधिक नहीं है, बोरों में बन्ध अनाज या अन्य यथोचित स्थोरा की गहराई 1.22 मीटर से अन्यून होगी ।

(5) बोरों में बन्ध अनाज या अन्य यथोचित स्थोरा खुले अनाज के सम्पूर्ण तल पर बने हुए यथोचित प्लेटफार्म पर रखा जायेगा और ऐसे प्लेटफार्मों में —

(क) पट्टियां जो एक-दूसरी से 1.22 मीटर की दूरी से अधिक नहीं होंगी और उस पर 25 मिलीमीटर वाले तख्ते रखे जायेंगे जो एक-दूसरे में 0.30 मीटर से अनधिक दूरी पर हों ; या

(ख) मजबूत पृथक्कारी कपड़े जो पर्याप्त रूप से एक-दूसरे पर चढ़े होंगे ।

9. **भागतः भरे हुए कक्षों की संख्या की परिसीमा** : (1) उन पोतों की दशा में के सिवाय जिसमें पूरी समुद्र यात्रा के दौरान, एक डैक या दो डैक वाले पोतों की दशा में 0.31 मीटर से अन्यून की या अन्य पोतों की दशा में 0.36 मीटर से अन्यून की चल केन्द्रीय ऊंचाई बनाए रखी जाती है, से अधिक कक्ष खुले अनाज से भागतः नहीं भरे जाएंगे सिवाय इसके कि अन्य कक्ष खुले अनाज से भागतः भरे जा सकते हैं यदि वे डैक हैड तक बोरों में बन्ध या अन्य स्थोरा से भरे हुए हैं ।

(2) इस नियम के प्रयोजनों के लिये —

(क) अध्यारोपित ट्विन डैक पृथक कक्ष और उनके नीचे के किसी निचले फलके से पृथक समझे जाएंगे ।

(ख) नियम 10 के खंड (ग) में निर्दिष्ट संभरक और भागतः भरी गई जगहें, कक्ष नहीं समझी जाएंगी, और—

(ग) फलके और कक्ष जिनमें एक या अधिक अक्ष रोक उप-खंड हैं, एक फलका या कक्ष समझा जाएगा ।

10. **ट्विन डैकों और अधिसंरचनाओं में खुला अनाज**—खुला अनाज उन कक्षों में जो पोत की अधिसंरचना या दो डैक वाले पोत के ट्विन डैकों या दो डैक से अधिक वाले पोत के सब से ऊपर के ट्विन डैकों में निम्नलिखित शर्तों के अधीन के सिवाय, वहन नहीं किया जाएगा, अर्थात् :—

(क) खुला अनाज या अन्य स्थोरा इस प्रकार कस कर नौभरित किया जायेगा कि अधिकतम स्थिरता सुनिश्चित हो जाए ।

(ख) सभी दशाओं में या तो पूरी समुद्र यात्रा के दौरान एक डैक या दो डैक वाले पोत में 0.31 मीटर से अन्यून की या अन्य पोतों की दशा में 0.36 मीटर से अन्यून की चल केन्द्रीय ऊंचाई बनाई रखी जाती हो या अनुकल्पतः ऐसे कक्षों में वहन किये गये खुले अनाज या अन्य स्थोरा की कुल मात्रा शेष स्थोरा से भार के आधार पर अट्ठाईस प्रतिशत से अधिक न हो और मास्टर का समाधान हो जाता है कि पोत पूरी समुद्र यात्रा के दौरान यथोचित स्थिरता रखेगा ;

परन्तु इस खंड में विनिर्दिष्ट अट्ठाईस प्रतिशत का निर्बन्धन तब लागू नहीं होगा जब डैक के ऊपर या सबसे ऊपर के ट्विन डैक जगहों में वहन किया गया अनाज स्थोरा जई, जौ या बिनौला हो ;

(ग) ऐसे कक्षों के जिनमें खुला अनाज है और जो केवल भागतः भरे हुए हैं किसी भाग का, डैक क्षेत्रफल 93 वर्ग मीटर से अधिक न हो : और

(घ) ऐसे सब कक्षों में जिनमें खुला अनाज नौभरित किया गया है, जो या तो 30.50 मीटर से अनधिक के अन्तरालों पर आडी पोतभीतों द्वारा उप-विभाजित हों या जब यह दूरी बढ़ जाती हो तो बड़ी जगह बोरों में बन्द अनाज या अन्य यथोचित स्थोरा से पूर्ण रूप से भरी हो ।

11. **विशेष रूप से उपयुक्त पोतों का नौ-भरण**—(1) नियम 4 से 10 तक, जिसमें ये दोनों सम्मिलित हैं, के उपबन्ध ऐसे किसी पोत को लागू नहीं होंगे जिसमें अनाज के किसी अनुप्रस्थ हटाव का प्रभाव, लम्बे खंडों के द्वारा या संरचनात्मक आकारों द्वारा ऐसी सीमा तक परिसीमित है कि अनाज के हटाव के फलस्वरूप उपनियम (2) में की गई उपधारणाओं के आधार पर संगणित झुकाव समुद्र यात्रा के किसी भी प्रक्रम में 5 डिग्री से अधिक नहीं होता ।

(2) उपनियम (1) में निर्दिष्ट पोत के झुकाव की संगणना करने में वह उपधारणा की जायगी कि वे अनाज तल जो चौरस कर दिये हैं या जो क्षैतिज से 30 डिग्री से कम की जनति के कोण वाली सीमा से निरुद्ध हैं, आयतन में 2 प्रतिशत और इसके अतिरिक्त अपने मूल तल के साथ 12 डिग्री के कोण से या यदि अति नौ-भरित हो तो 8 डिग्री के कोण से, नियम 8 के उपनियम (4) और (5) के अनुसरण में, बैठ जाते हैं ।

(3) ऐसा प्रत्येक पोत जिसको नियम 4 से 10 तक जिसमें ये दोनों सम्मिलित हैं, के उपबन्ध लागू नहीं होते, अनाज लदान योजना और पर्याप्त स्थिरता सूचना यह दर्शित करने के लिये रखेगा कि अपनाई जाने वाले नौ-भरण प्रबन्धों के लिये, उपनियम (1) में निर्दिष्ट झुकाव अधिक नहीं होगा ।

12. **जल नीरम टंकियां**—दोहरी तली की टंकियों में जो नियम 4, 5, 8, 9 और 10 में निर्दिष्ट चल केन्द्रीय ऊंचाई की संगणना करने या नियम 11 में निर्दिष्ट झुकाव की संगणना करने में लेखे में ली गई है, पर्याप्त जल-रोधी लम्बे उपखंड होंगे, सिवाय वहां के जहां आधी लम्बाई पर मापी गई टंकी की चौड़ाई पोत की मोल्डेड चौड़ाई के 60 प्रतिशत से अधिक नहीं होती।

13. **बोरों में बन्द अनाज**—बोरों में बन्द अनाज, मजबूत बोरों में जो मजबूती से बन्द, किये गये हों, ले जाया जायेगा और नियम 16 के परन्तुक की मद (ख) की उपमद (iv) में उपबन्धित के सिवाय अच्छी तरह भी होंगे।

14. **देशीय व्यापार पोतों का लादान**—दो डैक वाले पोत के ट्विन डैकों में या दो डैकों से अधिक वाले पोत के सबसे ऊपरी के ट्विन डैकों में खुले अनाज के नौभरण की बाबत के सिवाय इन नियमों के पूर्वगामी उपबन्ध नियम 15 और 16 के उपबन्धों के अनुपालन के अध्यधीन रहते हुए ऐसे किसी देशी व्यापार पोत को लागू नहीं होंगे जिसमें खुला अनाज वहन किया जाता है।

स्पष्टीकरण :—इन नियमों के प्रयोजन के लिये कोई पोत जो भारत में किसी पत्तन या स्थान पर भारत के ही किसी अन्य पत्तन या स्थान में समुद्र यात्रा के लिये भागतः खाली कर दिया गया है, देशीय व्यापार पोत समझा जायेगा।

15. **देशीय व्यापार पोत में पूरे कक्षों का नौभरण**—देशीय व्यापार पोतों में किसी कक्ष का जो पूरी तरह खुले अनाज से भरा है, नौभरण इस प्रकार से होगा :—

(क) अनाज पार्श्वों, सिरों और धरन जगहों से सटाकर, कसकर समतलित किया जायेगा, और

(ख) या तो बिपाट मार्ग में, डैक तल के नीचे से उस कक्ष में, जिसे वह संभरित करता है, वहन किये गये खुले अनाज की मात्रा के 4 प्रतिशत से अन्यून मात्रा होगी या अनुकल्पतः विपाट मार्ग के नीचे का खुला अनाज एक तश्तरी के आकार में समतलित किया जायेगा और उसके ऊपर बोरों में बन्द अनाज या बोरों में बन्द अन्य यथोचित स्थोरा नियम 4 के उपनियम (4) के खंड (ग) के उपखंड (ii) में विनिर्दिष्ट रीति में रखा जाएगा, सिवाय इसके कि किसी ऐसे पोत की बाबत, जो सातवीं अनुसूची में यथापरिभाषित, साफ मौसम की ऋतु के दौरान समुद्र यात्रा कर रहा है, कक्ष में पोत भीत या रोक तख्ते से न लगे हों।

16. **देशीय व्यापार पोतों के भागतः भरे गये कक्षों का नौभरण**—देशीय व्यापार पोतों किसी ऐसे कक्ष का नौभरण जो खुले अनाज से भागतः भरा गया है नियम 8 के उपबन्धों का अनुपालन करते हुए होगा।

परन्तु दो से अनधिक कक्ष निम्नलिखित रीतियों में से किसी के द्वारा नौभरित किये जा सकते हैं ; अर्थात् :—

(क) खुला अनाज चौरस किया जायेगा और इसके ऊपर बोरों में बन्द अनाज पृथक्कारी कपड़ों पर कम से कम दो तहों में या अन्य यथोचित स्थोरा, प्लेटफार्म या पृथक्कारी कपड़े पर नौभरित किया जाएगा।

(ख) (i) फलके में खाली स्थान से खुला अनाज निम्नलिखित रीतियों में से एक के द्वारा विभाजित किया जाएगा ; अर्थात्—

रिति 1—कक्ष के अगले भाग में काष्ठ की अनुप्रस्थ ऊर्ध्वाधर अग्ररोक पोतभीत और इस प्रकार फिट की जाएगी कि जिससे अनाज के नौभरण के लिए अपेक्षित कक्ष की धारिता घट जाये ।

रीति 2—बोरों में बन्द अनाज की मजबूती से और कसकर संरचित अनुप्रस्थ ऊर्ध्वाधर पोतभीत प्रयुक्त की जायेगी । पोतभीत में आगे और पीछे की दिशा में बोरों की पर्याप्त पंक्तियां होंगी जिससे कि वह समुद्र यात्रा के दौरान पिचिंग और स्केडिंग के प्रभावों को सहन कर सके । इसकी नीव कक्ष के फश पर होगी और बोरों की चार से अन्यून कतारों को मिलकर बनी होगी । यह अपेक्षित चार कतारे संकरी होकर ऊपर दो कतारों तक ही हो सकती है परन्तु यह तब जब कि अपेक्षित आलम्ब के लगाने और बनाए रखने के लिये केवल दो कतारें पर्याप्त समझी जाएं ।

रीरति 3—अनाज के बोरों की एक सीढ़ीनुमा ढलवां पोतभीत बनाई जाएगी । बोरे एक-दूसरे के साथ कर कर पैक कर किये जाएंगे और अनाज में आगे और पीछे की दिशा में जमा दिये जाएंगे ।

वे लिटाकर रखे जायेगें और एक दूसरे के ऊपर अपनी लम्बाई के आधे से कम नहीं होंगे । सबसे निचली तह इस प्रकार रखी जाएगी कि यह दृढ़ ठोस नींव पर ठहरे और कक्ष के फश पर या चौरस किये गये अनाज तल पर बिछाए गए पृथक्कारी कपड़ों पर रखी जाएगी जो पोत की एक आड़ी पोतभीत तक पहुंच जाये । बोरे पोत की बगलों के स्थान पर फ्रेमों में अच्छी तरह बन्द कर दिये जाएंगे और कक्ष की बगलों पर दूसरी तह रखी जाएगी । पोत तें विपाट मार्ग में बांध दी जाएंगी और बोरों की ऊपरी तहें पेटा धरनों या विपाट सिरा अड़वाल से इस प्रकार कर बांध दी जाएगी कि आगे पीछे की गति से सुरक्षित रह सके ।

(ii) खुला अनाज इस प्रकार नाभरित किया जायेगा कि खुला तल विपाट मार्ग की सीमाओं में इस रीति से रहे कि यह संभरक का काम करे । कक्ष का वह भाग जिसमें खुला अनाज है पूरी तरह से भर दिया जायेगा और अनाज इस प्रकार परिबद्ध किया जाएगा कि इसमें से कुछ भी कक्ष के खाली भाग में न जा सके । खुला अनाज कक्ष के एक सिरे में कसकर समतल कर दिया जाएगा । पार्श्व और धरन जगहें भर दी जाएंगी और विपाट माग के उसी सिरे पर जितना संभव हो सके उतना अनाज नौभरित कर दिया जाएगा कि जिससे संभरण प्रयोजनों के लिये पर्याप्त प्रवाय सुनिश्चित हो जाए ।

(iii) जहां खुला अनाज विपाट मार्ग तक पहुंचने के लिये पर्याप्त नहीं है वहां अनाज तल पोत की चौड़ाई की ओर समतल कर दिया जायेगा और आगे पीछे के ढाल स्वाभाविक विश्राम कोण से पर्याप्त नीचे कर दिये जायेंगे और अनाज का तल कस कर नौभरित बोरों में बन्द अनाज से या अन्य यथोचित स्थोरा की कम से कम दो तहों से सुरक्षित कर दिया जाएगा । बोरों में बन्द अनाज या अन्य यथोचित स्थोरा यथोचित प्लेटफार्मों पर या मजबूत पृथक्कारी कपड़ों पर जो खुले अनाज के सम्पूर्ण तल के ऊपर बिछे होंगे रखा जाएगा ।

(IV) इस खंड में निर्दिष्ट बोरे ढीले भरे जायेंगे और जहां वे पोत भीत बनाने के लिये प्रयुक्त होते हैं वहां वे इस प्रकार रखे जाएंगे कि उनके मुंह खुले अनाज की ओर हों ।

अनाज फिटिंग

17. **साधारण**—अनाज फिटिंग के लिये प्रयुक्त सभी काष्ठ अच्छी ठोस क्वालिटी का तथा ऐसे प्रकार और श्रेणी का होगा जो आशयित उपयोग के लिये सन्तोषजनक साबित हो चका है । काष्ठ की वास्तविक तैयार विमाएं इन नियमों में विनिर्दिष्ट विशिष्ट फिटिंग की अपेक्षाओं के अनुसार होगी । एक्सटिरियर टाइप की प्लाई वुड, जो जल-सह सरेश से चिपकी होगी और इस रीति से लगाई गई हो जिससे मुख परत के रेशों की दिशा आलम्बनकारी खड़े खम्बों या बाइंडरों के लम्ब रूप हो प्रयोग की जा सकती है, परन्तु यह तब जब कि इसकी शक्ति समुचित घटकमापों के ठोस काष्ठ के समतुल्य हो ।

18. **रोक तख्ते**—इन नियमों के उपबन्धों में से किसी का अनुपालन करने के लिये प्रयुक्त प्रत्येक रोक तख्ता द्वितीय अनुसूची में उपवर्णित आकार, शक्ति और विनिर्देश का होगा ।

19. **खड़े खम्बे** — इन नियमों के उपबन्धों में से किसी का अनुपालन करने के लिये प्रयुक्त प्रत्येक खड़ा खम्बा सिवाय उनके जो उन संभरकों में प्रयोग किये गये हैं जिनको प्रथम अनुसूची के पैरा 2 के खण्ड (ख) की अपेक्षाएं लागू होती हैं पांचवीं अनुसूची में उपवर्णित आकार शक्ति और विनिर्देश के होंगे ।

20. **थाम**—इन नियमों के उपबन्धों में से किसी का अनुपालन करने के लिये प्रयुक्त प्रत्येक काष्ठ थाम सिवाय उनके जो संभरकों में प्रयुक्त किए गए हैं जिनके लिए इन नियमों में पृथक उपबन्ध बनाए गए हैं तृतीय अनुसूची में उपवर्णित आकार शक्ति और विनिर्देश के होंगे ।

21. **संभरण छिद्र**— जहां विपाट मार्ग और धरनों या बगल के ग्रेडरों की गहराई डैक तल से नीचे 0.381 मीटर (381 मिलीमीटर) से अधिक हो जाती है वहां डैक तल के यावत्संभव समीप लगभग एक-दूसरे से 0.610 मीटर (610 मिलीमीटर) की दूरी पर संभरन छिद्र होंगे ताकि कक्षों में अनाज ऐसी धरनों या ग्रडरों में से जा सके । ऐसे संभरण छिद्र जहां विपाट मार्ग और धरनों या बगल के ग्रेडरों की गहराई 0.381 मीटर (381 मिलीमीटर) से अधिक है किन्तु 0.457 मीटर से अधिक नहीं है जहां 51 मिली मीटर व्यास के और जहां ऐसी गहराई 0.457 मीटर (457 मिली मीटर) से अधिक है वहां 88 मिली मीटर व्यास के होंगे ।

22. **अपराध**—किसी व्यक्ति द्वारा इन नियमों के उपबन्धों में से किसी का अनुपालन करने का उल्लंघन या असफलता अनाज स्थोरों को हटने से रोकने के लिये सभी आवश्यक और सम्भित पूर्वाविधानियां बरतने में असफलता समझी जाएगी और यह अधिनियम की धारा 332 की उपधारा (1) और (2) के अधीन अपराध गठित करेगा ।

प्रथम अनुसूची

[नियम 2(iii) और 5 (i) देखिए]

संभरकों और पोतभीतों का संनिर्माण

1. संभरक और पोतभीत अनाज के दाब को सहन करने के लिये पर्याप्त शक्ति के और अग्नि... रुद्ध होंगे ।

2. **काष्ठ के संभरकों और पोतभीतों का संनिर्माण**—(1) काष्ठ संभरकों का संनिर्माण उस पैरा के उपपैरा (2) और (3) में उपवर्णित किसी एक विनिदेश और रीति के अनुरूप होगा;

(2) क्षेतिज तख्तों से संनिर्मित और खड़े खम्बों द्वारा आलम्बित संभरकों को निम्नलिखित उपबन्ध लागू होंगे अर्थात् :—

(क) तख्ते :—63 मिली मीटर के तख्तों का आलम्ब सहित पाट सारणी 1 और 2 में जो इसमें इसके पश्चात् क्रमशः संभरक बगलों और संभरकों के सिरों के लिये उपवर्णित है विनिर्दिष्ट अधिकतम अनुज्ञेय आलम्ब सहित पाट से अधिक नहीं होगा । अन्य तख्तों के लिये आलम्ब रहित पाट जो 63 मिली मीटर से कम मोटा नहीं होगा, उससे अधिक नहीं होगा जो पूर्वोक्त सारणियों में विनिर्दिष्ट पाट को तख्तों की मोटाई के सीधे अनुपात में उपान्तरण करके प्राप्त किया जाये ।

सारणी 1

संभरक बंगलों पर 63 किलोमीटर क्षेतिज तख्तों का अधिकतम अनुज्ञेय आलम्ब रहित पाट—मीटरों में

संभरक की ऊंचाई मीटरों में	संभरक की चौड़ाई मीटरों में									
	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
2.5	3.35	2.70	2.39	2.21	2.09	2.00	1.92	1.88	1.83	1.79
3.0	3.26	2.59	2.28	2.10	1.99	1.90	1.83	1.78	1.73	1.69
3.5	3.20	2.51	2.20	2.02	1.91	1.82	1.75	1.70	1.66	1.62
4.0	3.14	2.43	2.13	1.95	1.84	1.75	1.68	1.63	1.59	1.55
4.5	3.11	2.37	2.07	1.89	1.78	1.69	1.63	1.58	1.54	1.50
5.0	3.08	2.31	2.02	1.64	1.73	1.64	1.58	1.53	1.49	1.45
5.5	3.05	2.27	1.98	1.80	1.69	1.60	1.54	1.49	1.45	1.41
6.0	3.05	2.26	1.95	1.77	1.66	1.57	1.51	1.46	1.42	1.38
6.5	3.05	2.25	1.93	1.74	1.63	1.54	1.48	1.43	1.39	1.35
7.0	3.05	2.25	1.92	1.73	1.60	1.51	1.49	1.40	1.36	1.32
7.5	3.05	2.25	1.91	1.72	1.58	1.49	1.43	1.38	1.34	1.30

टिप्पण :—मध्यवर्ती संभरक ऊचाईयों या चौड़ाईयों पर 63 मिलीमीटर के तख्तों का अधिकतम आलम्ब रहित पाट अंतर्देशन द्वारा निकाला जायगा ।

सारणी—2

संभरक सिरों पर 63 मिली मीटर क्षेतिज तख्तों का अधिकतम अनुज्ञय आलम्बु रहित पाट मीटरों में।

संभरक की	संभरक की लम्बाई मीटरों में									
ऊंचाई मीटरों में	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
2.5	3.75	3.21	3.18	3.18	3.18	3.18	3.18	3.18	3.18	3.18
3.0	3.62	3.02	2.87	2.88	2.88	2.88	2.88	2.88	2.88	2.88
3.5	3.51	2.88	2.67	2.65	2.65	2.65	2.65	2.65	2.65	2.65
4.0	3.40	2.81	2.51	2.46	2.46	2.46	2.46	2.46	2.46	2.46
4.5	3.32	2.74	2.40	2.32	2.31	1.31	2.31	2.31	2.31	2.31
5.0	3.26	2.68	2.34	2.20	2.18	2.18	2.18	2.18	2.18	2.18
5.5	3.25	2.63	2.30	2.13	2.08	2.07	2.07	2.07	2.07	2.07
6.0	3.25	2.63	2.27	2.08	2.00	1.97	1.97	1.97	1.97	1.97
6.5	3.25	2.63	2.25	2.04	1.93	1.89	1.89	1.89	1.89	1.89
7.0	3.25	2.63	2.23	2.01	1.87	1.82	1.82	1.82	1.82	1.82
7.5	3.25	2.63	2.21	1.98	1.92	1.71	1.76	1.76	1.76	1.76

टिप्पण :—मध्यवर्ती संभरक ऊंचाईयों या लम्बाईयों पर 63 मिलीमीटर के तख्तों का अधिकतम आलम्ब रहित पाट अन्तर्देशन द्वारा निकाला जावेगा ।

(ख) संभरक खड़े खम्भें :— उन खड़े खम्भों का जो क्षेतिज तख्तों के आलम्ब के रूप में प्रयोग किये गये हैं परिच्छेद मापांक सेन्टीमीटर 3 में काष्ठ खम्बों की दशा में 79 . 20 पद या इस्पात खड़े खम्बों की दशा में 7.92 पद द्वारा दिये गये मापांक से कम नहीं होगा जिसमें P-संभरक बसल या संभरक सिरे की चौड़ाई संभरक बगल के मांग पर या संभरक सिरों पर जो खड़े खम्बों द्वारा आलम्बित है, का लम्बाई का प्रति मीटर दाब भार टनों में जो क्रमशः इसमें इसके पश्चात् उपवर्णित सारणी 3 और 4 से निकाला गया है ।

S–निकटतम खड़े खम्बों या प्रत्येक बगल के आलम्ब के बीच की दूरी का आधा मीटरों में ।

H-I खम्भो की आलम्ब रहित ऊंचाई मीटरों में ।

संभरकों के कोनों पर खड़े खम्बों की घटक माप ऐसी होगी कि वे सैभरक बगल और सिरों के लदान के कारण संयुक्त प्रतिबल सहन कर सकें । इस्पात से भिन्न धातु से संनिर्मित खड़े खम्बे, उपरोक्त सारणी 3 में निर्दिष्ट खड़े खम्बों की शक्ति के समतुल्य होगे ।

सारणी 3

संभरक बगल लंबाई का प्रतिमीटर दाब भार टनों में

संभरक की ऊंचाई मीटरों में	संभरक की जौड़ाई मीटरों में									
	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
2.0	1.10	1.55	1.90	2.17	2.40	2.59	2.76	2.92	3.07	3.21
2.5	1.49	2.11	2.61	3.05	3.43	3.75	4.01	4.24	4.41	4.55
3.0	1.90	2.80	3.48	4.04	4.51	4.92	5.27	5.57	5.83	6.05
3.5	2.33	3.52	4.44	5.12	5.66	6.15	6.60	7.02	7.43	7.73
4.0	2.77	4.24	5.38	6.25	6.95	7.57	8.12	8.62	9.08	9.52
4.5	3.22	5.00	6.38	7.42	8.32	9.09	9.74	10.34	10.94	11.54
5.0	3.68	5.78	7.43	8.69	9.76	10.68	11.42	12.22	12.92	13.57
5.5	4.15	6.60	8.49	10.03	11.24	12.33	13.26	14.09	14.90	15.69
6.0	4.63	7.44	9.61	11.37	12.81	14.07	15.15	16.10	17.00	17.89
6.5	5.13	8.32	10.78	12.76	14.43	15.86	17.12	18.22	19.22	20.18
7.0	5.65	9.24	12.00	14.21	16.08	17.69	19.12	20.40	21.57	22.66
7.5	6.20	10.10	13.24	15.68	17.74	19.53	20.17	22.67	24.03	25.25

टिप्पण : संभरक की अन्तर्वर्ती ऊंचाइयों और चौड़ाइयों पर संभरक बगल की लम्बाई का प्रति मीटर दाब भार अन्तर्वेशन द्वारा निकाला जाएगा

सारणी 4

संभरक सिरे की प्रति मीटर चौड़ाई पर टनों में दाब भार

संभरक की ऊंचाई मीटरों में	संभरक की लम्बाई—मीटरों में									
	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
2.0	0.67	0.75	0.77	0.77	0.77	0.77	0.77	0.77	0.77	0.77
2.5	0.97	1.44	1.20	1.20	1.20	1.20	1.20	1.20	12.0	1.20
3.0	1.27	1.65	1.72	1.72	1.72	1.72	1.72	1.72	1.72	1.72
3.5	1.60	2.17	2.33	2.36	2.36	2.36	2.36	2.36	2.36	2.36
4.0	1.96	2.71	3.03	3.07	3.07	3.07	3.07	3.07	3.07	3.07
4.5	2.36	3.28	3.78	3.86	3.87	3.87	3.87	3.87	3.87	3.87
5.0	2.75	3.88	4.57	4.73	4.77	4.77	4.77	4.77	4.77	4.77
5.5	3.11	4.48	5.39	5.69	5.76	5.76	5.76	5.76	5.76	5.76
6.0	3.50	5.14	6.20	6.65	6.85	6.88	6.88	6.88	6.88	6.88
6.5	3.86	5.75	7.05	7.69	7.97	8.07	8.07	8.07	8.07	8.07
7.0	4.19	6.37	7.90	8.76	9.14	9.35	9.35	9.35	9.35	9.35
7.5	4.52	6.99	8.74	9.82	10.34	10.69	10.69	10.69	10.69	10.69

टिप्पण : संभरक की मध्यावर्ती ऊंचाइयों या लम्बाइयों पर संभरक सिर की लम्बाई का प्रति मीटर दाब भार अन्तर्वेशन द्वारा निकाला जाएगा ।

(ग) **तार रस्सियां** :—संभरक बगल या सिरे के खड़े खम्बों में आलम्ब के रूप में प्रयुक्त क्षेतिज तार रस्सियों की मंजन सामर्थ्य टनों में $3\ P_1S$ में दी गई से कम नहीं होगी, जहां :—

P_1 संभरक बगल या संभरक सिरे की चौड़ाई संभरक बगल के भाग पर या संभरक सिरों पर जो तार की रस्सियों द्वारा आलम्बित है, प्रतिमीटर लम्बाई पर टनों में दाब भार जो क्रमशः इसमें इससे पूर्व उपवर्णित सारणी 3 और 4 से निकाला गया है, S= निकटतम खड़े खम्बों या प्रत्येक बगल पर आलम्ब के बीच की दूरी का आधा मीटरों में।

(घ) **थाम** :—संभरक बगल या सिरे के खड़े खम्बों के आलम्ब के रूप में प्रयुक्त थामों का (सें० मी०) 4" से में जड़त्व आघूर्ण काष्ठथामों की दशा में $27.00\ \frac{P_1SL_1^2}{\cos\theta}$ पद द्वारा या इस्पात थामों की दशा में $1.43\ \frac{P_1SL_1^2}{\cos\theta}$ पद द्वारा दिये गये जड़त्व आघूर्ण से कम नहीं होगा। जहां P_1=संभरक बगल या संभरक सिरे की चौड़ाई, संभरक व बगल के भाग पर या संभरक सिरों पर जो थामों द्वारा आलम्बित है प्रति मीटर लम्बाई पर टनों में दाब भार जो क्रमशः इसमें इससे पूर्व उपवर्णित सारणी 3 और 4 से निकाला गया है, S= निकटतम खड़े खम्बे या प्रत्येक बगल पर आलम्ब के बीच की दूरी का आधा मीटरों में, और

L_1= थाम की लम्बाई मीटरों में θ= थाम की क्षेतिज से आनति जो 45 डिग्री से अधिक नहीं होगी।

(3) जहां संभरक ऊर्ध्वाधर तख्तों से सन्निर्मित किये गये हैं वहां निम्नलिखित उपबन्ध लागू होंगे, अर्थात :—

(क) **तख्ते** :—ऊर्ध्वाधर तख्तों की सेंटीमीटर में मोटाई उससे कम नहीं होगी जो $1527\ PH_2$ पद द्वारा दी गई है, जहां—

P=संभरक बगल या संभरक की चौड़ाई संभरक बगल के भाग पर या संभरक सिरों पर जो तख्तों द्वारा आलम्बित है प्रतिमीटर लम्बाई पर टनों में दाब भार जो क्रमशः उसमें इससे पूर्व उपवर्णित सारणी 3 और 4 से निकाला गया, और H_2= तख्तों का आलम्ब रहित पाट, मीटरों में।

(ख) **बाइंडर** :—ऊर्ध्वाधर तख्तों के आलम्ब के रूप में प्रयुक्त क्षेतिज बाइंडरों का सें० मी० 3 में परिच्छेद मापांक काष्ठ बाइंडरों की दशा में $79.2\ P_1S_1^2$ पद द्वारा दिये गये या इस्पात बाइंडरों की दशा में $7.92\ P_1S_1^2$ पद द्वारा दिये गये से कम नहीं होगा, जहां—

P_1=संभरक बगल या संभरक की चौड़ाई संभरक बगल के भाग पर या संभरक सिरों पर जो बाइंडरों द्वारा आलम्बित है प्रतिमीटर लम्बाई पर टनों में दाब भार जो क्रमशः इसमें इससे पूर्व उपवर्णिति सारणी 3 और 4 स निकाला गया है, बाइंडरों द्वारा आलम्बित संभरक का ऊर्ध्वाधर विस्तार बाइंडरों के ऊपर और नीचे के निकटतम आलम्बों के बीच की दूरी का आधा लिया जायेगा, और

S_1=बाइंडरों की आलम्ब रहित लम्बाई मीटरों में। इस्पात से भिन्न धातु से सन्निर्मित बाइंडर इस्पात के बाइंडरों के शक्ति के समतुल्य होंगे।

जहां बाइंडर दो तख्तों या धातु का ऐंगल बार या अन्य परिच्छोदो से बने हैं जो ऊर्ध्वाधर तख्तों के दोनों ओर लगे हों, वहां प्रभावी परिच्छेद मापांक उस परिच्छेद मापांक का 70 प्रतिशत लिया जायेगा जो प्रत्येक तख्तों या धातु का ऐंगल बार या अन्य परिच्छेद को संयुक्त परिच्छेद की बल शून्य रेखा के चारों ओर पूर्ण रुप से प्रभावी मान कर निकाला गया है।

